मुंबई, सोमवार, 10 अगस्ता, 2026
मूल्य : 0.00/- । कुल पृष्ठ 04
www.padmavatmedia.in
padmavatmedia@gmail.com
+91-95945-42679
Digital Edition
वर्ष 12 । अंक 276

दैनिक हिन्दी राष्ट्रीय डिजिटल समाचार पत्र

# पदमावत मीडिया™

न रिश्वत लेंगे, न रिश्वत देंगे

Reg. No. MH180326353 | महाराष्ट्र व राजस्थान से प्रकाशित | प्रधान सम्पादक : पवन जैन पदमावत

अनमोल वचन

"मुश्किलें रास्ता रोकने नहीं, आपकी हिम्मत बढ़ाने आती हैं।"

PADMAVAT MEDIA
न रिश्वत लेंगे, न रिश्वत देंगे

## खबर संक्षिप्त

### आकाशवाणी कॉलोनी में निकली विशाल कावड़ यात्रा



**उदयपुर@पदमावत मीडिया।** आकाशवाणी कॉलोनी वार्ड 59 के क्षेत्रवासियों की ओर से द्वितीय विशाल कावड़ यात्रा का आयोजन किया गया। युवा अशोक सिंह तंवर एवं शिव सिंह चौहान के नेतृत्व में निकली यात्रा ऐतिहासिक गंगू कुंड से प्रारंभ होकर आकाशवाणी कॉलोनी स्थित श्री काली कल्याण धाम पहुंची। महंत चंद्रदीप सिंह चौहान ने कावड़ यात्रा को रवाना किया। यात्रा में महिला-पुरुष, युवाओं एवं बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और भोलेनाथ के जयकारों के साथ गंगाजल लेकर भगवान शिव का जलाभिषेक किया। अशोक सिंह तंवर ने बताया कि सावन में कावड़ यात्रा भगवान शिव के प्रति भक्ति, तपस्या और समर्पण का प्रतीक है। यात्रा के दौरान श्रद्धालु भक्ति गीतों पर नाचते-झूमते नजर आए। इस अवसर पर निवर्तमान पार्षद पूनम सिंह, कमलेश मेहता, वीरेंद्र सिंह, केशूलाल, पन्नालाल, राजेंद्र सिंह सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

### दस्तक अभियान के तहत गांवों में स्वास्थ्य जागरूकता



**मंदसौर@पदमावत मीडिया।** जिला कलेक्टर दिव्यांक सिंह के मार्गदर्शन में जिले में 14 जुलाई से 31 अगस्त तक चल रहे दस्तक अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग की टीमें गांव-गांव पहुंचकर बच्चों के स्वास्थ्य की जांच एवं जागरूकता का कार्य कर रही हैं। स्वास्थ्य कार्यकर्ता जगदीश खींची ने साबाखेड़ा, बुढ़ा, टकरावद एवं संजीत में ग्रामीणों को अभियान की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण, कुपोषण की पहचान, विटामिन-ए, ओआरएस एवं जिंक वितरण तथा निमोनिया और दस्त की स्क्रीनिंग की जा रही है। गंभीर कुपोषित बच्चों को पोषण पुनर्वास केंद्र भेजा जा रहा है। स्वास्थ्य टीम ने अभिभावकों से बच्चों का समय पर स्वास्थ्य परीक्षण कराने एवं अभियान में सहयोग करने की अपील की। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

### विश्व आदिवासी दिवस पर विधिक जागरूकता शिविर आयोजित



**उदयपुर@पदमावत मीडिया।** विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से जनजाति क्षेत्रों में विभिन्न स्थानों पर विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किए गए। कार्यक्रम जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष ज्ञान प्रकाश गुप्ता के निर्देशन एवं सचिव राहुल चौधरी के निर्देशानुसार हुए। शिविरों में हाथीपोल, मल्लातलाई लेबर चौराहा, साईफन लेबर चौराहा, अनुदानित जनजाति छात्रावास एवं मनोहरपुरा कच्ची बस्ती में जनजाति समुदाय के लोगों को निःशुल्क विधिक सहायता, एलएडीसी योजना एवं कानूनी अधिकारों की जानकारी दी गई। अधिवक्ताओं ने बाल विवाह, घरेलू हिंसा, शोषण, जबरन श्रम एवं बंधुआ मजदूरी से बचाव, श्रमिक कार्ड बनाने एवं उसके लाभ सहित विभिन्न विषयों पर जागरूक किया। साथ ही नालसा हेल्पलाइन 15100, साइबर हेल्पलाइन 1930, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, आपातकालीन सेवा 112, नालसा पोर्टल एवं राजकॉप सिटीजन एप की जानकारी भी दी गई।

### गुना पुलिस ने छह दिन में चोरी का किया खुलासा, 1.47 करोड़ की संपत्ति जब्त



**भोपाल@पदमावत मीडिया।** मध्यप्रदेश पुलिस की संपत्ति संबंधी अपराधों के खिलाफ कार्रवाई के तहत गुना पुलिस ने फतेहगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम चक चुरेला में हुई चोरी का छह दिन में खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से करीब 1.47 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य के सोने के आभूषण बरामद किए हैं। 02-03 अगस्त की मध्यरात्रि बाबूलाल मीना के घर से बदमाश तिजोरी और मोटरसाइकिल चोरी कर ले गए थे। तिजोरी में सोने-चांदी के आभूषण और नकदी रखी थी। सीसीटीवी नहीं होने के बावजूद पुलिस ने फिंगर प्रिंट, डॉग स्क्वाड, तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर तंत्र की मदद से आरोपियों की पहचान की। पुलिस ने मध्यप्रदेश और राजस्थान में कार्रवाई करते हुए 8 अगस्त को दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपियों ने अन्य साथियों के साथ वारदात करना स्वीकार किया। शेष आरोपियों की गिरफ्तारी और चोरी की बाकी संपत्ति की बरामदगी के लिए पुलिस की कार्रवाई जारी है।

## 'हर घर तिरंगा' अभियानः जयपुर में तिरंगा रैली का शुभारंभ, राष्ट्रभक्ति के रंग में रंगा शहर

### नड्डा और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने दिखाई हरी झंडी, तिरंगे के सम्मान और गौरव की रक्षा का किया आह्वान





पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**जयपुर।** केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रविवार को अल्बर्ट हॉल से बड़ी चौपड़ तक 'हर घर तिरंगा अभियान' के तहत राज्य स्तरीय तिरंगा रैली का शुभारंभ किया। रिमझिम बारिश के बीच निकली इस रैली में केंद्रीय मंत्री नड्डा और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा हाथों में तिरंगा थामकर शामिल हुए। रैली के दौरान शहरवासियों ने विभिन्न स्थानों पर पुष्पवर्षा कर यात्रा का स्वागत किया।

इस अवसर पर केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने कहा कि तिरंगा केवल राष्ट्रीय ध्वज नहीं, बल्कि देश की आन, बान और शान तथा करोड़ों देशवासियों की भावनाओं का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि तिरंगे के सम्मान और गौरव की रक्षा करना प्रत्येक देशवासी का दायित्व है।

नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर वर्ष 2022 में शुरू किए गए 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत देशवासियों ने अपने घरों पर तिरंगा फहराकर विविधता में एकता और राष्ट्रीय अखंडता का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि तिरंगा प्रत्येक भारतीय के दिल में बसना चाहिए और इसके सम्मान एवं गौरव की रक्षा करना हम सभी की जिम्मेदारी है।

उन्होंने राष्ट्रीय प्रतीकों के सम्मान को और मजबूत करने की दिशा में 'प्रिवेंशन ऑफ इंसल्ट्स टू नेशनल ऑनर्स अमेंडमेंट एक्ट, 2026' को महत्वपूर्ण कदम बताया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रगान, राष्ट्रगीत, राष्ट्रीय ध्वज और संविधान भारत की शान हैं तथा इनके अपमान को स्वीकार नहीं किया जा सकता। उन्होंने देशवासियों से वीर सपूतों की कुर्बानियों से प्राप्त आजादी और तिरंगे की गरिमा को सदैव बनाए रखने का आह्वान किया।

**अमर जवान ज्योति पहुंचकर शहीदों को किया नमन**

तिरंगा रैली के दौरान केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा अमर जवान ज्योति पहुंचे। दोनों ने वहां पुष्पचक्र अर्पित कर मातृभूमि की रक्षा के लिए अपने प्राणों का सर्वोच्च बलिदान देने वाले अमर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि तिरंगा हमारे स्वाभिमान, राष्ट्रप्रेम और राष्ट्रीय गौरव का प्रतीक है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अमृत महोत्सव के तहत शुरू की गई तिरंगा यात्रा जन-जन के अभियान के रूप में नई पीढ़ी में राष्ट्रभावना को मजबूत करने का माध्यम बन रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 'हर घर तिरंगा अभियान' ने पूरे देश को एकता के सूत्र में बांधने का काम किया है। हर घर पर लहराता तिरंगा राष्ट्र के प्रति प्रेम और समर्पण की अभिव्यक्ति है। उन्होंने कहा कि तिरंगे का सम्मान केवल घरों तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि यह हमारे दिलों में भी होना चाहिए। इसकी सार्थकता तभी है जब हम राष्ट्रीय चेतना के आदर्शों और मूल्यों को अपने जीवन में भी उतारें।

**त्याग और तपस्या से हमारे हाथों में आया तिरंगा**

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस वर्ष देश 15 अगस्त को स्वतंत्रता की 80वीं वर्षगांठ मनाने जा रहा है। यह दिन देश की आजादी के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले वीर शहीदों और स्वतंत्रता सेनानियों को नमन करने का अवसर है। उनके त्याग और तपस्या के फलस्वरूप ही आज हमारे हाथों में तिरंगा है। उन्होंने कहा कि तिरंगा संविधान के आदर्शों, एकता, अखंडता और सामाजिक समरसता का प्रतीक है।

मुख्यमंत्री ने राजस्थान और तिरंगे के ऐतिहासिक संबंध का उल्लेख करते हुए कहा कि पहली बार 15 अगस्त को फहराया गया तिरंगा राजस्थान में बना था। उन्होंने अपने विद्यार्थी जीवन की स्मृतियां साझा करते हुए बताया कि उस समय विद्यार्थियों की टोली हाथों में तिरंगा थामे 'विजयी विश्व तिरंगा प्यारा, झंडा ऊंचा रहे हमारा' गीत के उद्घोष के साथ गलियों से गुजरती थी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने गरीब कल्याण की योजनाओं से लेकर आतंकवाद और नक्सलवाद के खात्मे तथा विश्व में भारत के बढ़ते गौरव तक अभूतपूर्व बदलाव देखा है। उन्होंने कहा कि आज का नया भारत दुश्मन को मुंहतोड़ जवाब देने में सक्षम है। राज्य सरकार पिछले ढाई वर्षों से सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मूल मंत्र के साथ कार्य कर रही है। राज्य सरकार का संकल्प है कि समाज की अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति का भी उत्थान हो।

इस अवसर पर सांसद मदन राठौड़ ने तिरंगा यात्रा में शामिल होने पर सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी, उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी, डॉ. प्रेमचंद बैरवा, सांसद डॉ. राधामोहन दास अग्रवाल, मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं आमजन मौजूद रहे।








## घाटा वाली माताजी मंदिर से 'ऑपरेशन प्रहार' के तहत नशा छोड़ो-दूध पियो अभियान शुरू

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com



**उदयपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत' अभियान के संदेश को आगे बढ़ाते हुए न्यू विजन संस्थान के तत्वावधान में श्री राधे कृष्ण फाउंडेशन की ओर से रविवार को घाटा वाली माताजी मंदिर परिसर से 'ऑपरेशन प्रहार' के तहत 'नशा छोड़ो-दूध पियो' अभियान की शुरुआत की गई। अभियान के दौरान लोगों को मिल्क रोज पिलाकर नशे से दूर रहने का संदेश दिया गया। वहीं सैकड़ों युवाओं ने बैनर पर हस्ताक्षर कर नशे से दूर रहने का संकल्प लिया। फाउंडेशन के संचालक लोकेश पटेल ने कहा कि नशे की लत व्यक्ति के साथ पूरे परिवार को भी आर्थिक और सामाजिक संकट में डाल देती है। युवाओं को नशे से बचाने के लिए समाज के सभी वर्गों को मिलकर प्रयास करने की जरूरत है। न्यू विजन संस्थान के अध्यक्ष हर्षित चौर्डिया ने बताया कि 'ऑपरेशन प्रहार' तीन चरणों में संचालित होगा। पहले चरण में जनजागरूकता अभियान, दूसरे चरण में नशे की गिरफ्त में आए लोगों को नशा छोड़ने के लिए प्रेरित करना तथा तीसरे चरण में सरकारी एजेंसियों के सहयोग से प्रभावी नशामुक्ति अभियान चलाया जाएगा। फाउंडेशन के सचिव हरीश पटेल ने कहा कि युवाओं को नशे से दूर रखना आज की बड़ी सामाजिक आवश्यकता है। अभियान में महिलाओं, पुरुषों, बच्चों एवं युवाओं ने सहभागिता की। केंद्र प्रभारी जगदीश सहित फाउंडेशन एवं संस्थान के कार्यकर्ता मौजूद रहे। महिलाओं और युवतियों ने अभियान की सराहना करते हुए सहयोग

## 11 अवैध कपड़ा धुलाई-रंगाई इकाइयों पर बालोतरा पुलिस का शिकंजा

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com



**बालोतरा।** जोधड़ी-बांडी-लूणी नदी प्रणाली में औद्योगिक प्रदूषण की रोकथाम के लिए बालोतरा पुलिस ने पुलिस, प्रशासन एवं राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल के साथ संयुक्त कार्रवाई करते हुए 11 अवैध कपड़ा धुलाई-रंगाई औद्योगिक इकाइयों को ध्वस्त किया। कार्रवाई पुलिस मुख्यालय द्वारा गठित विशेष जांच दल के निर्देश एवं जिला पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार कांवट के निर्देशन में की गई।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरफूल सिंह के सुपरविजन में विशेष जांच दल एवं वृत्ताधिकारी बालोतरा के नेतृत्व में कार्रवाई की गई। गश्त एवं बीट भ्रमण के दौरान ग्रामीण क्षेत्रों, नदियों, नालों एवं कृषि भूमि के आसपास चोरी-छिपे संचालित कपड़ा धुलाई-रंगाई इकाइयों की सूचना मिलने पर उनका सत्यापन कराया गया।

पाटोदी क्षेत्र में 9 इकाइयां चिन्हित की गईं। प्रदूषण नियंत्रण मंडल के सत्यापन में 8 इकाइयां पूर्णतः अवैध पाई गईं। इसके अलावा प्रशासन को 3 अन्य अवैध इकाइयों की जानकारी मिली, जिनका भी सत्यापन कराया गया। जिला कलेक्टर के आदेश पर 8 अगस्त को संयुक्त टीम ने सभी 11 अवैध इकाइयों को ध्वस्त कर नियमानुसार कार्रवाई की।

पुलिस ने अवैध इकाइयों के संचालन में उपयोग की गई भूमि के मालिकों का विवरण भी संकलित किया है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि प्रदूषण फैलाने वाली अवैध औद्योगिक इकाइयों के विरुद्ध आगे भी लगातार अभियान चलाकर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## राजस्थान को मिली 10 अत्याधुनिक रक्त संग्रहण एवं परिवहन वैन की सौगात

### केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने दिखाई हरी झंडी, दूर-दराज क्षेत्रों में स्वैच्छिक रक्तदान को मिलेगा प्रोत्साहन

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com







**जयपुर।** राजस्थान में स्वैच्छिक रक्तदान को बढ़ावा देने और जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराने की दिशा में राज्य को 10 अत्याधुनिक रक्त संग्रहण एवं परिवहन वाहनों की सौगात मिली है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रविवार को इन सभी 10 वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी, उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेंद्र सिंह तथा सांसद मदन राठौड़ सहित मंत्रिपरिषद के सदस्य, सांसद, विधायक और संबंधित विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

उल्लेखनीय है कि राजस्थान में वर्तमान में कुल 286 ब्लड बैंक संचालित हैं, जिनमें 66 राजकीय ब्लड बैंक हैं। प्रदेश में प्रतिवर्ष करीब 9 लाख यूनिट रक्त की आवश्यकता होती है, जबकि स्वैच्छिक रक्तदान शिविरों के माध्यम से लगभग 5 लाख यूनिट रक्त एकत्र किया जाता है। ऐसे में नए रक्त संग्रहण एवं परिवहन वाहनों के माध्यम से रक्तदान शिविरों का आयोजन अब दूर-दराज क्षेत्रों में भी सुविधाजनक रूप से किया जा सकेगा और स्वैच्छिक रक्तदान को और बढ़ावा मिलेगा।

**4.50 करोड़ रुपये की लागत से तैयार हुए वाहन**

राज्य में स्वैच्छिक रक्तदान को बढ़ावा देने तथा जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराने के उद्देश्य से इन अत्याधुनिक वाहनों को कुल 4 करोड़ 50 लाख रुपये की लागत से तैयार कराया गया है। इन्हें प्रदेश के 10 राजकीय ब्लड बैंकों को आवंटित किया गया है।

**आधुनिक सुविधाओं से लैस हैं रक्त संग्रहण वाहन**

इन अत्याधुनिक रक्त संग्रहण एवं परिवहन वाहनों में रक्त संग्रहण और सुरक्षित परिवहन के लिए कई आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हैं। प्रत्येक वाहन में 3 डोनर काउच, 2 ब्लड कलेक्शन मॉनिटर, ट्यूब सीलर, 200 यूनिट क्षमता वाला रेफ्रिजरेटर, ऑक्सीजन सिलेंडर और डिजिटल थर्मामीटर जैसी सुविधाएं हैं। इसके साथ ही रक्तदाताओं को प्रोत्साहित करने के लिए एलईडी टीवी एवं पब्लिक एड्रेसिंग सिस्टम भी उपलब्ध कराया गया है।

इन वाहनों के संचालन से प्रदेश के दूर-दराज क्षेत्रों तक रक्तदान शिविरों की पहुंच बढ़ेगी। इससे स्वैच्छिक रक्तदान के प्रति लोगों को जागरूक करने के साथ अधिक संख्या में रक्त संग्रहण संभव होगा और जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराने में भी सहायता मिलेगी।

# जल संचयन के लिए प्रभावी प्रयास जरूरी : राज्यपाल

## 'जल संचयन' संकल्प कार्यक्रम में जल, जंगल और जमीन संरक्षण पर दिया जोर

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com





**जयपुर।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने जल संचयन की प्राचीन परंपराओं से सीख लेते हुए जल संरक्षण के लिए प्रभावी प्रयास करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जल, जंगल और जमीन के संरक्षण में आदिवासी समुदाय की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। जल संरक्षण हमारी प्राचीन ज्ञान परंपरा का हिस्सा रहा है और वर्तमान समय में इसे और मजबूत करने की आवश्यकता है।

राज्यपाल रविवार को विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर ग्रामीण विकास एवं शोध परिषद की ओर से आयोजित 'जल संचयन' संकल्प कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने उपस्थित लोगों को जल संचयन की शपथ दिलाई तथा पूर्व मंत्री प्रो. सांवर लाल जाट के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। उन्होंने धरती आबा बिरसा मुंडा को भी स्मरण किया।

राज्यपाल ने कहा कि राजस्थान में जल को अत्यंत महत्वपूर्ण मानते हुए इसके संरक्षण की अनेक परंपराएं विकसित हुईं। प्राचीन ग्रंथों में वर्षाजल संग्रहण के लिए खेतों में छोटे बांध, कुएं, बावड़ियां और तालाब बनाने की वैज्ञानिक जानकारी मिलती है। उन्होंने कहा कि राजस्थान में पानी को घी से भी अधिक महत्व दिया गया है, इसलिए वर्षाजल को व्यर्थ बहने से रोकना हम सभी की जिम्मेदारी है।

उन्होंने कहा कि जल स्रोतों को अतिक्रमण मुक्त करने, तालाबों, नदियों और बावड़ियों की सफाई एवं पुनर्जीवन के लिए किए जा रहे प्रयास भविष्य के लिए महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने बारिश के पानी को अधिक से अधिक रोकने तथा भूजल संरक्षण पर विशेष ध्यान देने का आह्वान किया।

राज्यपाल ने कहा कि भारत की बड़ी आबादी जल संकट का सामना कर रही है और देश के पास वैश्विक ताजे पानी का सीमित हिस्सा है। ऐसे में जल की प्रत्येक बूंद का संरक्षण आवश्यक है। उन्होंने कहा कि पानी की बचत ही उसका उत्पादन है।

## विद्यार्थियों को बनाया जलदूत, वर्षाजल पुनर्भरण का कराया संकल्प







पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर।** जल संरक्षण अभियान के तहत पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय क्रमांक एक में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जल मित्र डॉ. पीसी जैन ने विद्यार्थियों को घटते भूजल स्तर, अनियंत्रित भूजल दोहन और वर्षाजल पुनर्भरण के महत्व की जानकारी देकर उन्हें जलदूत एवं जल जानकार बनाया। डॉ. जैन ने कहा कि अनियंत्रित भूजल दोहन से कई क्षेत्रों में भूजल स्तर तेजी से गिर रहा है और धरती के धंसने की समस्या भी बढ़ रही है। उन्होंने विद्यार्थियों से वर्षाजल को जहां गिरे, वहीं संग्रहित एवं पुनर्भरित करने की दिशा में लोगों को जागरूक करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि वर्षाजल पुनर्भरण से ही आने वाली पीढ़ियों के लिए जल संसाधनों को सुरक्षित रखा जा सकता है। कार्यक्रम में मनन पवार, तीर्थदवे, काव्या जैन, मनदीप खराडे, निहारका आढा, आयुष कनौजिया, मनस्वी कुमारी, लक्षिता सेन सहित विद्यार्थियों को जल संरक्षण की जिम्मेदारी के प्रति जागरूक किया गया। उप आचार्य एएच खान ने डॉ. पीसी जैन का स्वागत किया। संचालन तारा चन्द सैनी ने किया। इसी दिन राजकीय सिंधी भाषी स्कूल, प्रतापनगर में भी जल जागरण कार्यक्रम आयोजित हुआ। इसमें आठ विद्यार्थियों को जलदूत बनाया गया तथा जल संरक्षण और वर्षाजल पुनर्भरण की जानकारी देकर प्रतिदिन पानी बचाने का संकल्प कराया गया।

## जयपुर शैक्षणिक भ्रमण पर रवाना हुईं 30 छात्राएं




**उदयपुर@पदमावत मीडिया।** आईआईएफएल फाउंडेशन की पहल के तहत उदयपुर एवं सलूम्बर जिले के दूरस्थ एवं जनजातीय क्षेत्रों की 30 छात्राओं का तीन दिवसीय जयपुर शैक्षणिक भ्रमण रविवार को शुरू हुआ। उदयपुर ग्रामीण विधायक फूलसिंह मीणा ने आईआईएफएल प्रशिक्षण केंद्र, शिकारबाड़ी से छात्राओं की बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर संयुक्त निदेशक स्कूल शिक्षा उदयपुर वीरेंद्र सिंह यादव एवं यात्रा प्रभारी प्रधानाध्यापक राजेश कुमार मौजूद रहे।

आईआईएफएल फाउंडेशन की निदेशक मधु जैन ने छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि शैक्षणिक भ्रमण से विद्यार्थियों को नए अनुभव प्राप्त करने, आत्मविश्वास बढ़ाने और भविष्य के लिए व्यापक दृष्टिकोण विकसित करने का अवसर मिलता है।

तीन दिवसीय भ्रमण के दौरान छात्राओं को राजस्थान विधानसभा का भ्रमण करने तथा शिक्षा मंत्री से मुलाकात का अवसर मिलेगा। 10 अगस्त को प्रस्तावित विधानसभा भ्रमण के दौरान छात्राएं लोकतांत्रिक संस्थाओं की कार्यप्रणाली, सुशासन एवं संवैधानिक मूल्यों को प्रत्यक्ष रूप से समझेंगी।

यह पहल आईआईएफएल फाउंडेशन के समग्र विकास कार्यक्रम के तहत आयोजित की गई है। राइजिंग राजस्थान पहल के अंतर्गत राजस्थान सरकार के साथ हुए समझौता ज्ञापन के तहत फाउंडेशन द्वारा उदयपुर एवं सलूम्बर जिले के 102 राजकीय बालिका विद्यालयों में छात्राओं के शैक्षिक, व्यक्तित्व, नेतृत्व एवं जीवन कौशल विकास के लिए विभिन्न गतिविधियां संचालित की जा रही हैं।

## हर घर तिरंगा अभियान के तहत निकली प्रभात फेरी




**डूंगरपुर@पदमावत मीडिया।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत रविवार को शहर में प्रभात फेरी एवं तिरंगा रैली निकाली गई। लक्ष्मण मैदान से जिला कलेक्टर देशलदान, समाजसेवी अशोक पटेल राणोली, बंशीलाल कटारा एवं निवर्तमान उप सभापति सुदर्शन जैन ने हरी झंडी दिखाकर प्रभात फेरी को रवाना किया।

प्रभात फेरी तहसील चौराहा, पुराना बस स्टैंड, शास्त्री कॉलोनी एवं नया बस स्टैंड होते हुए शहीद स्मारक पार्क पहुंची। तिरंगे के साथ निकली रैली के दौरान शहर में देशभक्ति एवं राष्ट्रीय एकता का वातावरण नजर आया। प्रतिभागियों ने आमजन को राष्ट्रध्वज के सम्मान और देशभक्ति का संदेश दिया। शहीद स्मारक पार्क में सामूहिक राष्ट्रगान के साथ प्रभात फेरी का समापन हुआ। कार्यक्रम में अतिरिक्त जिला कलेक्टर प्रकाश चंद्र रेगर, मुख्य कार्यकारी अधिकारी हनुमान सिंह राठौड़, टीएडी उपायुक्त डॉ. सत्य प्रकाश कसवा, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी रेखा गोड, नगर परिषद आयुक्त ललित सिंह सहित जनप्रतिनिधि, राजीविका की महिलाएं, स्काउट-गाइड विद्यार्थी, स्कूली छात्र-छात्राएं एवं बड़ी संख्या में युवा शामिल हुए।

## चुनाव में ओबीसी समाज मांगेगा अपना हक




### 55 प्रतिशत आबादी के बावजूद 21 प्रतिशत आरक्षण से असंतोष

**उदयपुर@पदमावत मीडिया।** सर्व ओबीसी समाज महापंचायत ट्रस्ट की बैठक माली कॉलोनी स्थित कार्यालय में संस्थापक दिनेश माली की अध्यक्षता में हुई। बैठक में आगामी पंचायत राज एवं नगर निकाय चुनावों में ओबीसी आरक्षण को लेकर चर्चा की गई। संस्थापक दिनेश माली ने कहा कि ओबीसी समाज की आबादी करीब 55 प्रतिशत होने के बावजूद चुनावों में 21 प्रतिशत आरक्षण दिया जाना उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि जिसकी जितनी संख्या, उसकी उतनी भागीदारी के आधार पर आरक्षण मिलना चाहिए। बैठक में राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री को ज्ञापन देकर 55 प्रतिशत आरक्षण की मांग करने का निर्णय लिया गया। महामंत्री सूर्य प्रकाश सुहालका, उपाध्यक्ष पीएस पटेल सहित पदाधिकारियों ने कहा कि उचित प्रतिनिधित्व नहीं मिलने पर हाईकोर्ट अथवा सुप्रीम कोर्ट में जनहित याचिका दायर की जाएगी। बैठक में जनसंख्या के आधार पर 55 प्रतिशत आरक्षण की मांग को लेकर एकजुटता जताई गई।

## बालोतरा पुलिस की 'ऑपरेशन मदमर्दन' में बड़ी कार्रवाई

» 1.82 किलो निर्मित अफीम और 131.05 ग्राम अफीम का दूध बरामद, आरोपी गिरफ्तार




**बालोतरा@पदमावत मीडिया।** मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान 'ऑपरेशन मदमर्दन' के तहत बालोतरा पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 1 किलो 820 ग्राम निर्मित अफीम एवं 131.05 ग्राम अफीम का दूध बरामद कर 58 वर्षीय आरोपी को गिरफ्तार किया है।

जिला पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार कांवट ने बताया कि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरफूल सिंह एवं वृत्ताधिकारी सिवाना गिरधर सिंह के सुपरविजन में समदड़ी थानाधिकारी नरपतदान के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर रानीदेशीपुरा स्थित आरोपी की ढाणी में दबिश दी।

तलाशी के दौरान चारे के बाड़े में छिपाकर रखे प्लास्टिक के डिब्बे से एक थैली में 1.820 किलोग्राम निर्मित अफीम तथा दूसरी थैली में 131.05 ग्राम अफीम का दूध बरामद हुआ। पुलिस ने मादक पदार्थ जब्त कर आरोपी पेमाराम पुत्र आशाराम, निवासी रानीदेशीपुरा को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस थाना समदड़ी में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई है। पुलिस आरोपी से मादक पदार्थ के स्रोत और तस्करी नेटवर्क के संबंध में पूछताछ कर रही है।

## राष्ट्रीय राजमार्ग की भूमि से हटाए एक दर्जन से अधिक अतिक्रमण

### उच्च न्यायालय के निर्देशों की पालना में केलवा, पसुंद, मोरचना एवं भगवंदा में संयुक्त कार्रवाई

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com




**राजसमंद।** उच्च न्यायालय के निर्देशों की पालना में शनिवार को राजसमंद जिले के केलवा, पसुंद, मोरचना एवं भगवंदा गांवों में राष्ट्रीय राजमार्ग की भूमि से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, राजस्व विभाग एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने मौके पर पहुंचकर राष्ट्रीय राजमार्ग की भूमि पर चिन्हित किए गए अवैध अतिक्रमणों को हटाया। प्रशासन के अनुसार संयुक्त कार्रवाई के दौरान राष्ट्रीय राजमार्ग की भूमि पर किए गए एक दर्जन से अधिक अतिक्रमणों को हटाकर भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया गया। कार्रवाई के दौरान अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने मौके पर स्थिति का जायजा लेते हुए चिन्हित अतिक्रमणों को नियमानुसार हटाने की कार्रवाई पूरी कराई। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि शासकीय एवं राष्ट्रीय राजमार्ग की भूमि पर किसी भी प्रकार का अवैध अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सार्वजनिक उपयोग की भूमि पर अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। साथ ही राष्ट्रीय राजमार्ग की भूमि को अतिक्रमण मुक्त बनाए रखने के लिए नियमित निगरानी भी की जाएगी। अधिकारियों ने बताया कि आवश्यकता के अनुसार आगे भी संबंधित विभागों की संयुक्त टीमों द्वारा अभियान चलाकर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जाएगी। इसका उद्देश्य राष्ट्रीय राजमार्ग की भूमि की सुरक्षा के साथ-साथ यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखना है। कार्रवाई के दौरान तहसीलदार, पुलिस अधिकारी, राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण तथा संबंधित विभागों के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने आमजन से अपील की कि शासकीय एवं राष्ट्रीय राजमार्ग की भूमि पर किसी प्रकार का अतिक्रमण नहीं करें तथा सार्वजनिक परिसंपत्तियों की सुरक्षा एवं सुचारू आवागमन व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करें।

## हिस्ट्रीशीटर के खिलाफ 3/25 आर्म्स एक्ट में प्रकरण दर्ज, अवैध बंदूक जब्त




**सलूंबर@पदमावत मीडिया।** जिले के झल्लारा थाना पुलिस ने अवैध हथियारों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए हिस्ट्रीशीटर अर्जुन उर्फ अजुड़ा मीणा के खिलाफ धारा 3/25 आर्म्स एक्ट में प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से अवैध बंदूक जब्त की है। यह कार्रवाई एक सप्ताह के भीतर झल्लारा थाना पुलिस की अवैध हथियारों के खिलाफ दूसरी कार्रवाई है। जिला पुलिस अधीक्षक विश्वाराम बिश्नोई के निर्देशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रतन चावला एवं पुलिस उप अधीक्षक राजीव राहड़, वृत्ताधिकारी सलूंबर के सुपरविजन में झल्लारा थानाधिकारी धर्मेन्द्र सिंह वाघेला के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कार्रवाई की। पुलिस ने थाना हाजा के हिस्ट्रीशीटर अर्जुन उर्फ अजुड़ा मीणा पुत्र खातिया मीणा, उम्र 40 वर्ष, निवासी साजनोंत दायमा फला, थाना झल्लारा, जिला सलूंबर के खिलाफ आर्म्स एक्ट में प्रकरण दर्ज किया। पुलिस के अनुसार कार्रवाई का उद्देश्य क्षेत्र में अवैध हथियारों पर प्रभावी नियंत्रण रखते हुए अपराधियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करना है। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि अवैध हथियार रखने और उनका उपयोग करने वालों के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा। इस कार्रवाई में झल्लारा थानाधिकारी धर्मेन्द्र सिंह वाघेला, सहायक उप निरीक्षक पुंजीलाल मीणा, कांस्टेबल कपिल सुथार एवं कुशल सिंह शामिल रहे।

## खबर संक्षिप्त

### सलूंबर में घर बैठे मिलेगा पशुओं का निःशुल्क इलाज

**सलूंबर@पदमावत मीडिया।** जिले के पशुपालकों को अब बीमार पशुओं के उपचार के लिए उन्हें दूर अस्पताल ले जाने की जरूरत नहीं होगी। राज्य सरकार की मोबाइल वेटरनरी यूनिट योजना के तहत जिले में 7 मोबाइल पशु चिकित्सा इकाइयां संचालित हैं, जो घर पहुंचकर निःशुल्क उपचार एवं दवाइयां उपलब्ध कराएंगी। सलूंबर ब्लॉक में 2 तथा सराड़ा, जयसमंद, लसाड़िया, सेमारी और झल्लारा ब्लॉक में एक-एक मोबाइल वेटरनरी यूनिट तैनात है। पशुपालक पशु के बीमार होने पर टोल-फ्री नंबर 1962 पर कॉल कर सेवा प्राप्त कर सकते हैं। सूचना मिलने पर पशु चिकित्सक की टीम मौके पर पहुंचकर उपचार करेगी।

### 100 से अधिक पौधों का रोपण, ऑक्सीजन ग्रीन जोन विकसित करने का संकल्प



**सलूंबर@पदमावत मीडिया।** राजकीय जनजाति बालिका आवासीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सलूंबर की ओर से समर्पण-2026 के तहत गणेश मंदिर से हनुमान मंदिर तक सघन वृक्षारोपण किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय स्टाफ एवं जन सहयोग से 100 से अधिक देशी प्रजातियों के पौधे लगाए गए। प्रधानाचार्य मधुकर वरनोती ने बताया कि पिछले वर्ष भी क्षेत्र में 80 से अधिक नीम, पीपल एवं बरगद के पौधे लगाए गए थे। इस वर्ष सड़क के दूसरी ओर करीब 500 मीटर क्षेत्र में गुलमोहर, नीम, शीशम, बरगद एवं पीपल के पौधे लगाए गए। कार्यक्रम प्रभारी नरेश चाष्टा ने बताया कि विद्यालय स्टाफ एवं छात्राओं के सहयोग से क्षेत्र को ऑक्सीजन ग्रीन जोन के रूप में विकसित किया जा रहा है। कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण एवं पौधों की देखभाल का संकल्प लिया गया।

### 15 हजार रुपये की रिश्वत लेते दलाल गिरफ्तार, दो पुलिसकर्मियों सहित तीन पर एसीबी की कार्रवाई



**गोधरा@पदमावत मीडिया।** गुजरात भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने ऑनलाइन जुआ मामले को निपटाने के नाम पर 15 हजार रुपये की रिश्वत लेते दलाल को गिरफ्तार किया है। मामले में कालोल पुलिस थाने के दो पुलिसकर्मियों सहित तीन लोगों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है। एसीबी के अनुसार शिकायतकर्ता के मित्र को ऑनलाइन जुआ मामले में पकड़ा गया था। मामले को निपटाने के लिए पुलिसकर्मियों आशीषभाई कटारा और जशपालसिंह परमार द्वारा 20 हजार रुपये की रिश्वत मांगी गई, बाद में 15 हजार रुपये में सौदा तय हुआ। शिकायतकर्ता ने इसकी सूचना एसीबी को दी। सत्यापन के बाद 9 अगस्त को दाहोद एसीबी ने नारणपुरा नर्मदा नहर चौराहे पर जाल बिछाया। यहां धर्मेंद्रसिंह उर्फ नोनभाई कनकसिंह राठौड़ ने 15 हजार रुपये की रिश्वत स्वीकार की, जिसे एसीबी टीम ने रंगे हाथ गिरफ्तार कर रकम बरामद कर ली। गिरफ्तार आरोपीः धर्मेंद्रसिंह उर्फ नोनभाई कनकसिंह राठौड़। एसीबी ने मामले में पुलिसकर्मियों सहित तीनों आरोपियों के खिलाफ भ्रष्टाचार संबंधी प्रावधानों के तहत कार्रवाई शुरू कर दी है। मामले की आगे जांच जारी है।

### आरयूआईडीपी पंचम चरण : स्टेकहोल्डर कंसल्टेशन 'आरयूआईडीपी संवाद' 10 अगस्त को

**भीलवाड़ा@पदमावत मीडिया।** आरयूआईडीपी फेज-V के तहत स्टेकहोल्डर कंसल्टेशन कार्यक्रम 'आरयूआईडीपी संवाद' 10 अगस्त को सुबह 11 बजे उपखंड कार्यालय सभागार, गुलाबपुरा में आयोजित होगा। उपखंड अधिकारी दिव्यराज सिंह चुण्डावत ने बताया कि कार्यक्रम में प्रस्तावित विकास कार्यों की जानकारी दी जाएगी। साथ ही जनप्रतिनिधियों, पूर्व पार्षदों, प्रबुद्ध नागरिकों, अधिकारियों, मीडिया एवं अन्य हितधारकों से शहर के विकास को लेकर सुझाव एवं फीडबैक लिए जाएंगे। प्राप्त सुझावों को डीपीआर तैयार करने की प्रक्रिया में शामिल किया जाएगा।

### विश्व एथलेटिक्स अंडर-20 में रजत पदक जीतने पर राज्यपाल ने बसंत कुमार मेघवाल को दी बधाई




**जयपुर@पदमावत मीडिया।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने अमेरिका के ओरेगन में आयोजित विश्व एथलेटिक्स अंडर-20 पुरुष हाई जंप चैंपियनशिप में भारत को रजत पदक दिलाने वाले राजस्थान के खिलाड़ी बसंत कुमार मेघवाल को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। राज्यपाल ने कहा कि बसंत कुमार मेघवाल के शानदार प्रदर्शन से राजस्थान सहित पूरा देश गौरवान्वित हुआ है। उन्होंने भारतीय खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर प्रसन्नता जताते हुए कहा कि देश को अपने खिलाड़ियों पर गर्व है।

### आर्य समाज हिरणमगरी में वर्षा के लिए सामवेद के मंत्रों से विशेष आहुतियां अर्पित

**उदयपुर@पदमावत मीडिया।** आर्य समाज हिरणमगरी में रविवार को रविवारीय सत्संग के अवसर पर सामवेद, जिसका विषय उपासना है, के शतकम् यज्ञ का आयोजन किया गया। यज्ञ में वर्षा के लिए वेद मंत्रों के साथ विशेष आहुतियां अर्पित कर सुखद वर्षा की कामना की गई। वैदिक पुरोहित इन्द्र प्रकाश ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ यज्ञ संपन्न कराया। इस दौरान मुख्य यजमान ओम प्रकाश कुमावत, दुर्गा कुमावत, सरस्वती महेश्वरी, राधेश्याम महेश्वरी, भंवर आर्य, संजय शाण्डिल्य, अमृतलाल तापड़िया, अंबालाल सनाढ्य, उर्वशी शर्मा, चन्द्रकला आर्य, चम्पा शर्मा एवं बेला सिसोदिया ने विशेष आहुतियां अर्पित कीं।

## खबर संक्षिप्त

### वाहन चोरी का खुलासा, चोरी की मोटरसाइकिल बरामद, दो आरोपी गिरफ्तार



**चित्तौड़गढ़@पदमावत मीडिया।** कोतवाली थाना पुलिस ने वाहन चोरी की वारदात का खुलासा करते हुए चोरी की मोटरसाइकिल बरामद कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मामले में चोरी की मोटरसाइकिल खरीदने वाले एक अन्य आरोपी की तलाश जारी है। पुलिस के अनुसार 6 अगस्त को पुराना न्यायालय परिसर की पार्किंग से मोटरसाइकिल चोरी हुई थी। रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर पुलिस टीम ने सीसीटीवी फुटेज, तकनीकी साक्ष्य एवं मानवीय सूचना के आधार पर जांच करते हुए मुकेश राव निवासी नीमच को गिरफ्तार किया। पूछताछ में उसने मोटरसाइकिल चोरी कर शब्बीर खान के माध्यम से हनीफ खान को बेचने की बात बताई। पुलिस ने शब्बीर खान को भी गिरफ्तार कर चोरी की मोटरसाइकिल बरामद कर ली। वारदात में प्रयुक्त मोटरसाइकिल भी जब्त की गई। गिरफ्तार आरोपीः मुकेश राव एवं शब्बीर खान। आरोपी हनीफ खान की तलाश जारी है। इस कार्रवाई में थानाधिकारी रजनीश कुमार, एसआई देवीलाल, एएसआई नवरंग लाल, हेड कांस्टेबल चन्द्रकरण सिंह एवं कांस्टेबल राजेश शामिल रहे।

### युवा स्वयंसेवकों के चयन के लिए 10 अगस्त को साक्षात्कार

**सलूंबर@पदमावत मीडिया।** माय भारत केंद्र, सलूंबर की ओर से नेशनल यूथ कॉर्प्स योजना के तहत वर्ष 2026-27 के लिए युवा स्वयंसेवकों के चयन हेतु साक्षात्कार 10 अगस्त को सुबह 9 बजे हाड़ा रानी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सलूंबर में होगा। जिला युवा अधिकारी ने बताया कि अभ्यर्थियों को आवेदन पत्र की प्रति, शैक्षणिक योग्यता व आयु के मूल प्रमाण-पत्र, आधार कार्ड, निवास प्रमाण-पत्र, स्वप्रमाणित प्रतियां एवं नवीन रंगीन पासपोर्ट साइज फोटो साथ लाना होगा। सामाजिक कार्य या अनुभव संबंधी प्रमाण-पत्र होने पर उन्हें भी प्रस्तुत किया जा सकता है। मूल दस्तावेज नहीं होने पर चयन प्रक्रिया में शामिल नहीं किया जाएगा।

## मुस्कान क्लब में हुई देशभक्ति गीतों की प्रतियोगिता

### 25 प्रतिभागियों ने दी प्रस्तुतियां, अरुण चौबीसा प्रथम, संतोष गुप्ता द्वितीय व ईश्वर चंद जैन रहे तृतीय



पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर।** आगामी स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों के तहत मुस्कान क्लब की ओर से ओरिएंटल पैलेस रिसोर्ट के रिवाह हॉल में देशभक्ति गीतों की प्रतियोगिता आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रद्धा गट्टाणी ने की। प्रतियोगिता में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए प्रतिभागियों को कोड नंबर आवंटित किए गए। प्रतियोगिता के निर्णायक डॉ. ऋतंभरा राणावत एवं नरेश वेर रहे। क्लब के मीडिया प्रभारी प्रोफेसर विमल शर्मा ने बताया कि बिना वाद्य यंत्र के आयोजित प्रतियोगिता में 25 प्रतिभागियों ने निर्धारित तीन मिनट में देशभक्ति गीत एवं कविताओं की प्रस्तुतियां दीं।

निर्णायक मंडल ने अंकों के आधार पर अरुण चौबीसा को प्रथम, संतोष गुप्ता को द्वितीय तथा ईश्वर चंद जैन को तृतीय स्थान प्रदान किया। तीनों विजेता 15 अगस्त के मुख्य कार्यक्रम में प्रस्तुति देंगे। कार्यक्रम में श्रद्धा गट्टाणी ने वंदे मातरम् की प्रस्तुति देकर माहौल को देशभक्तिमय बनाया। उन्होंने अपने संबोधन में सदस्यों को सकारात्मक सोच के साथ जीवन जीने का संदेश दिया। निर्णायक डॉ. ऋतंभरा राणावत ने भी 'जय जवान, जय किसान' गीत प्रस्तुत किया। प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने 'होठों पर सच्चाई', 'कर चले हम फिदा', 'है प्रीत जहां की रीत', 'ऐ मेरे वतन के लोगों', 'चंदन है इस देश की माटी', 'आ धरती हिंदुस्तान री' सहित विभिन्न देशभक्ति गीतों एवं कविताओं की प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम का संचालन सूरजमल पोरवाल ने किया। अंत में राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

## साहित्य को जनचेतना से जोड़ना जरूरी : अनिल सक्सेना 'ललकार'




**बालोतरा@पदमावत मीडिया।** 21वीं सदी के राजस्थान साहित्यिक आंदोलन के तहत रविवार को वेलकम होटल में 'बालोतरा साहित्यिक संवाद-2026' का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता एवं मुख्य वक्ता आंदोलन के संस्थापक-प्रवर्तक, वरिष्ठ पत्रकार एवं साहित्यकार अनिल सक्सेना 'ललकार' रहे। संवाद में साहित्य, संस्कृति, भारतीय ज्ञान परंपरा, युवा चेतना एवं स्थानीय प्रतिभाओं को मंच देने पर चर्चा हुई। अनिल सक्सेना 'ललकार' ने कहा कि शब्द समाज से, युवा संस्कृति से और साहित्य जनचेतना से जुड़े। साहित्य को पुस्तकों और आयोजनों तक सीमित न रखकर समाज की संवेदनाओं एवं सरोकारों से जोड़ना आवश्यक है। उन्होंने युवाओं को साहित्य, संस्कृति और भारतीय ज्ञान परंपरा से जोड़ने का आह्वान किया। कार्यक्रम में डॉ. रामकुमार जोशी, डॉ. रामेश्वरी चौधरी, शंकरलाल सलुंदिया एवं दमन त्रिपाठी ने भी विचार रखे। डॉ. पृथ्वीराज दवे, प्रेमसिंह खोखर सहित साहित्यकारों ने विभिन्न विषयों पर विचार रखे, जबकि कवियों ने काव्य पाठ प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में पचपदरा के स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल की छात्राओं ने चित्र बनाकर अपनी कला प्रतिभा का प्रदर्शन किया। बड़ी संख्या में साहित्यकार, युवा, विद्यार्थी एवं कला प्रेमी मौजूद रहे। अंत में साहित्य, संस्कृति एवं भारतीय ज्ञान परंपरा के संरक्षण तथा नई पीढ़ी को इससे जोड़ने की सामूहिक शपथ दिलाई गई।

## उवसगहर स्तोत्र के सामूहिक जाप से गूंजा दूधिया गणेश जी, 54 जोड़ों ने की चौमुखी 108 उवसगहर स्तोत्र की आराधना



पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर।** उपनगरीय क्षेत्र स्थित श्री वर्धमान पुष्कर गुरु ध्यान केंद्र, दूधिया गणेश जी में रविवार को उपप्रवर्तिनी महासती साध्वीश्री मंजुल ज्योति म.सा. आदि ठाणा-5 के सानिध्य में सामूहिक सजोड़े चौमुखी 108 उवसगहर स्तोत्र जाप का आयोजन हुआ। धार्मिक अनुष्ठान में 54 जोड़ों ने श्रद्धापूर्वक सहभागिता की। बहनों ने हरित एवं भाइयों ने श्वेत परिधान धारण किए। मीडिया प्रभारी विनोद कोठारी ने बताया कि सुबह 9 से 11 बजे तक चले अनुष्ठान में सभी जोड़ों ने एक स्वर में उवसगहर स्तोत्र का जाप किया। सामूहिक जाप से पूरा परिसर भक्तिमय हो गया और वातावरण स्तोत्र के पवित्र जाप से गुंजायमान रहा। अनुष्ठान की पूर्णाहुति पर सभी जोड़ों को उपहार प्रदान किए गए तथा लक्की ड्रॉ भी निकाला गया। गुरु पुष्कर प्रवचन सभागार में साध्वीश्री मंजुल ज्योति म.सा. ने उवसगहर स्तोत्र की महिमा बताते हुए कहा कि इसका अर्थ ही उपसर्गों को हरने वाला है। नियमित जाप एवं शुद्ध पाठ से आंतरिक भय दूर होने के साथ सकारात्मक ऊर्जा और मानसिक शांति का संचार होता है। इस अवसर पर बताया गया कि 16 अगस्त को स्थानक में स्वतंत्रता दिवस पर्व मनाया जाएगा। दूधिया गणेश जी में पहली बार जैन कन्या मंडल का गठन भी किया गया। वहीं रविवार का आयंबिल प्रकाश कटारिया के नाम रहा।

## एनडीआरएफ टीम ने विद्यार्थियों को सिखाए आपदा प्रबंधन एवं बचाव के गुर




पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर।** प्रेरणा पब्लिक सेकेंडरी स्कूल, बड़गांव में शुक्रवार को राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) गुजरात की टीम ने विद्यार्थियों के लिए आपदा प्रबंधन एवं बचाव प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया। प्रशिक्षण का उद्देश्य भूकंप, आगजनी, बाढ़, सड़क दुर्घटना सहित विभिन्न आपात परिस्थितियों में विद्यार्थियों को सुरक्षित रहने और जरूरत पड़ने पर दूसरों की सहायता करने के लिए तैयार करना रहा।

एनडीआरएफ टीम के प्रशिक्षकों ने विद्यार्थियों को प्राथमिक उपचार, सुरक्षित निकासी, आग लगने की स्थिति में बचाव, घायलों को सुरक्षित तरीके से उठाने तथा आपदा के दौरान घबराने के बजाय तत्काल सही निर्णय लेने के व्यावहारिक तरीके बताए। प्रशिक्षण के दौरान विभिन्न प्रदर्शन एवं अभ्यास भी करवाए गए, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रशिक्षकों ने कहा कि आपदा के समय सजगता और त्वरित प्रतिक्रिया से कई गंभीर परिस्थितियों को नियंत्रित किया जा सकता है। विद्यालय प्रशासन ने एनडीआरएफ टीम का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे प्रशिक्षण से विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, अनुशासन और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित होती है। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों को आपदा प्रबंधन एवं सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी देकर जागरूक किया गया।

काव्य



अनीता प्रजापत

स्वरचित कविता
**मैं एक सामाजिक कार्यकर्ता हूँ**

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

मैं वो आवाज हूँ जो दबा दी जाती है,
मैं वो हाथ हूँ जो टूटे घर थाम लेता है।
नाम मेरा छोटा है, पर काम बड़े हैं,
क्योंकि मैं एक सामाजिक कार्यकर्ता हूँ।
कोर्ट में फाइल, गली में दर्द,
दोनों को साथ लेकर चलती हूँ।
किसी की बेटी रो रही हो तो कानून बन जाती हूँ,
किसी का बूढ़ा भूखा हो तो रोटी बन जाती हूँ।
लोग कहते हैं, तुमने क्या पाया?
मैं मुस्कुराकर कहती हूँ—सुकून पाया।
जब किसी की आंख में उम्मीद जगा देती हूँ,
तब लगता है मेरी एलएलबी सफल हो गई।
झूठे रिश्तों से सीखा,
अब सच के लिए लड़ना सीखा।
मैं गिरती हूँ, रोती हूँ,
फिर उठकर समाज के लिए जीना सीखा।
मेरा नाम अनीता प्रजापत है,
मेरा धर्म इंसानियत है।
मैं कानून की किताब भी हूँ,
और टूटे दिलों की दवा भी हूँ।

## एक तिरंगा—एक भारत कार्यक्रम में सम्मान, समानता और समावेशन का संदेश

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com



**जयपुर।** स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में कला मंज़र संस्था द्वारा संचालित हैंड्स टुगेदर अभियान के तहत कोणार्क अकादमी सोसायटी के सहयोग से उमंग स्कूल में एक तिरंगा—एक भारत कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य दिव्यांग एवं सामान्यजन के बीच सम्मान, समान अवसर और समावेशी समाज की भावना को बढ़ावा देना रहा।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त कर्नल बी. बी. पटनायक एवं प्रतिमा पटनायक रहे। अध्यक्षता वरिष्ठ नृत्य गुरु एवं अभिनेत्री उषा श्री ने की। मरू कोकिला सीमा मिश्रा सहित अन्य अतिथियों ने भी कार्यक्रम में सहभागिता की। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं सामूहिक वंदे मातरम् की प्रस्तुति से हुआ।

संस्था की संस्थापक मीनाक्षी माथुर ने कहा कि एक तिरंगा—एक भारत केवल सांस्कृतिक आयोजन नहीं, बल्कि सम्मान, समानता और समावेशन के माध्यम से समाज को जोड़ने का प्रयास है। संस्था अध्यक्ष शोभा सक्सेना ने अतिथियों का स्मृति-चिह्न, तिरंगा चुनरी एवं तिरंगा ब्रोच भेंट कर अभिनंदन किया। कार्यक्रम में श्रीनिर्मल विवेक स्पेशल स्कूल के विशेष बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। लक्की मीना ने सांकेतिक भाषा के माध्यम से मंच संचालन एवं प्रस्तुतियों को श्रवण दिव्यांगजनों के लिए सुगम बनाया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के बाद प्रतिभागियों को सम्मानित एवं पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का संचालन शिवानी शर्मा ने किया तथा राष्ट्रगान के साथ समापन हुआ।

## विवेकानंद केंद्र विद्यालय में छात्र परिषद का शपथ ग्रहण समारोह












**ऋषभदेव@पदमावत मीडिया।** विवेकानंद केंद्र विद्यालय, ऋषभदेव में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के नवनिर्वाचित छात्र परिषद का शपथ ग्रहण एवं अलंकरण समारोह आयोजित हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, अनुशासन, जिम्मेदारी एवं लोकतांत्रिक मूल्यों की भावना विकसित करना रहा। विद्यालय में छात्र परिषद का चुनाव ई-वोटिंग प्रणाली से कराया गया। आरव मकवाना को हेड बॉय और माही जांगिड़ को हेड गर्ल चुना गया। हिम जोशी वाइस हेड बॉय तथा भार्गवी घारु वाइस हेड गर्ल बनीं। विद्यार्थियों को खेल, सांस्कृतिक एवं अनुशासन सहित विभिन्न दायित्व भी सौंपे गए।

समारोह में नवनिर्वाचित छात्र प्रतिनिधियों को पद एवं दायित्वों के प्रति निष्ठा और ईमानदारी से कार्य करने की शपथ दिलाई गई। संस्था प्रधान डॉ. पद्मिनी नायडू ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए जिम्मेदारी के साथ कार्य करने का आह्वान किया। मुख्य अतिथि सहायक उप निरीक्षक मुकेश कुमार घारु ने लोकतांत्रिक मूल्यों, अनुशासन एवं जिम्मेदारी के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं गणेश वंदना से हुआ। विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दीं। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि सहायक उप निरीक्षक अनिल कुमार मीणा सहित शिक्षक एवं विद्यार्थी मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय महाकाल सेना की सलूंबर जिला कार्यकारिणी घोषित, दिनेश कुमार डांगी बने जिलाध्यक्ष

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

रिपोर्ट : ललित पटेल, सराड़ा





**सलूंबर।** राष्ट्रीय महाकाल सेना की सलूंबर जिला कार्यकारिणी की घोषणा पाल सराड़ा स्थित टीकम बावजी मंदिर, पंडर कुड़ी सु. खेड़ा में की गई। राष्ट्रीय महाकाल सेना के राष्ट्राध्यक्ष श्री श्री 1008 श्री खूशल भारती जी महाराज एवं प्रदेश अध्यक्ष भानुप्रताप सिंह कृष्णावत के निर्देशानुसार तथा नगजी भगत जनपुरिया की अनुशंसा के आधार पर जिला कार्यकारिणी का गठन किया गया।

कार्यकारिणी की घोषणा के दौरान राष्ट्रीय महाकाल सेना के कार्यकर्ताओं की सर्वसम्मति से दिनेश कुमार डांगी, निम्बोदा को सलूंबर जिला अध्यक्ष तथा विकास मेहता को जिला महासचिव पद पर मनोनीत किया गया। कार्यकर्ताओं ने दोनों नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए संगठन को मजबूत बनाने की उम्मीद जताई।

नवनियुक्त जिलाध्यक्ष दिनेश कुमार डांगी वर्तमान में भाजपा युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष सराड़ा के दायित्व का निर्वहन कर रहे हैं। इससे पूर्व वे बजरंग दल चावंड प्रखंड अध्यक्ष के रूप में भी जिम्मेदारी निभा चुके हैं तथा अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से जुड़े रहे हैं। संगठनात्मक एवं सामाजिक क्षेत्र में उनके अनुभव को देखते हुए उन्हें सलूंबर जिले में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है।

### जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा से निभाने का संकल्प

नवनियुक्त जिलाध्यक्ष दिनेश कुमार डांगी ने कहा कि संगठन द्वारा उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसका पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ निर्वहन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिले में संगठन को गांव-गांव तक मजबूत करने, अधिक से अधिक युवाओं को संगठन से जोड़ने तथा सनातन संस्कृति और सामाजिक सरोकारों के लिए सक्रियता से कार्य करने का प्रयास रहेगा। उन्होंने कहा कि संगठन के सभी कार्यकर्ताओं के सहयोग और मार्गदर्शन से सलूंबर जिले में राष्ट्रीय महाकाल सेना को मजबूत एवं सक्रिय संगठन के रूप में आगे बढ़ाया जाएगा। साथ ही सामाजिक एवं धार्मिक गतिविधियों में भी संगठन की प्रभावी सहभागिता सुनिश्चित करने का प्रयास किया जाएगा। इस अवसर पर राष्ट्रीय महाकाल सेना के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यकर्ताओं ने नवनियुक्त जिलाध्यक्ष दिनेश कुमार डांगी एवं जिला महासचिव विकास मेहता को शुभकामनाएं देते हुए उनके सफल कार्यकाल की कामना की तथा संगठन को नई मजबूती मिलने की उम्मीद जताई।

## नगर निगम ने शुरू की हेरिटेज वॉक, जल विरासत मार्ग से हुई शुरुआत




**उदयपुर@पदमावत मीडिया।** नगर निगम उदयपुर ने शहर की ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक विरासत को आधुनिक तकनीक से पर्यटकों तक पहुंचाने के लिए हेरिटेज वॉक एवं मार्गदर्शित यात्रा सेवा शुरू की। प्रथम चरण में जल विरासत मार्ग का शुभारंभ किया गया।

नगर आयुक्त अभिषेक खन्ना ने बताया कि हेरिटेज वॉक के लिए गूंज इंडिया संस्था का चयन किया गया है। जीपीएस आधारित ऑडियो गाइड के माध्यम से पर्यटक संबंधित स्थल पर पहुंचते ही हिंदी एवं अंग्रेजी में उससे जुड़ी ऐतिहासिक जानकारी प्राप्त कर सकेंगे।

जल विरासत मार्ग में उदयपुर की ऐतिहासिक जल संरचनाओं और शहर के विकास में जल की भूमिका से जुड़ी जानकारी दी जाएगी। कार्यक्रम में सांसद मन्नालाल रावत, शहर विधायक ताराचंद जैन, ग्रामीण विधायक फूलसिंह मीणा, संभागीय आयुक्त प्रज्ञा केवलरमानी सहित अन्य मौजूद रहे। इस अवसर पर राजस्थान में पहली बार नगर निगम उदयपुर में एनएफसी चिप युक्त की-चेन भी लॉन्च की गई। इसे एनएफसी सक्षम उपकरण से छुआने पर संबंधित ऑडियो गाइड शुरू हो जाएगी। अधिकारियों ने बताया कि आने वाले समय में अन्य विदेशी भाषाओं में भी ऑडियो गाइड उपलब्ध कराने की योजना है।

## लूट की वारदात का 25-26 घंटे में खुलासा, चार आरोपी गिरफ्तार



**सवाई माधोपुर@पदमावत मीडिया।** कोतवाली थाना पुलिस ने लूट की वारदात का 25-26 घंटे में खुलासा करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से लूटी गई मोटरसाइकिल भी बरामद की है। पुलिस के अनुसार 6 अगस्त की रात टोंक-चिरगांव एनएच-552 पर कुशालीपुरा गांव के पास चार युवकों ने मोटरसाइकिल सवार युवक को रोककर मारपीट की और उसकी मोटरसाइकिल लूटकर फरार हो गए। मामले में कोतवाली थाने में प्रकरण दर्ज किया गया था। पुलिस अधीक्षक ज्येष्ठा मैत्रेयी के निर्देशन में गठित टीम ने संभावित स्थानों पर दबिश देकर सुमित खटीक, सुनील, दीपक बैरवा उर्फ दीपु एवं पवन बैरवा को गिरफ्तार किया। आरोपियों को न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया गया है। पुलिस आरोपियों से वारदात एवं अन्य मामलों के संबंध में पूछताछ कर रही है। इस कार्रवाई में थानाधिकारी मदनलाल सहित पुलिस टीम के जवान शामिल रहे।

## खबर संक्षिप्त

### क्यूआरएफ जवानों की तत्परता से टली बड़ी दुर्घटना



**भोपाल@पदमावत मीडिया।** मध्यप्रदेश पुलिस की क्यूआरएफ (QRF) कंपनी के जवानों की सूझबूझ और तत्परता से मकरोनिया-गुड़ा रेलवे फाटक पर संभावित बड़ी दुर्घटना टल गई। दमोह के बांदकपुर में कानून-व्यवस्था ड्यूटी के लिए जा रहे 49 जवानों ने रेलवे ट्रैक पर बंद हुए माल से भरे ट्रक को धक्का देकर सुरक्षित दूरी तक पहुंचाया।

10वीं वाहिनी विशेष सशस्त्र बल, सागर की क्यूआरएफ कंपनी के जवानों ने ट्रैक पर ट्रेन आने का संकेत मिलने के बाद बिना समय गंवाए मोर्चा संभाला और सामूहिक प्रयास से ट्रक को ट्रैक से हटा दिया। इससे संभावित जनहानि टल गई। ट्रक चालक ने जवानों का आभार जताया। जवानों की इस तत्परता और मानवीय संवेदना की सराहना की जा रही है।

### सागवाड़ा में 797वां संगीतमय सुंदरकांड पाठ एवं भजन संध्या आयोजित




**सागवाड़ा@पदमावत मीडिया।** मानस मंडल सेवा संस्थान की ओर से प्रति शनिवार आयोजित होने वाला 797वां संगीतमय सुंदरकांड पाठ एवं भजन संध्या पुजारवाड़ा में आयोजित हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत गणपति पूजन एवं सरस्वती वंदना से हुई। इस अवसर पर यजमान खेमराज भाटिया एवं रणछोड़ भाटिया ने पूजा-अर्चना की। राष्ट्रगान के बाद राहुल भगत एवं सुरेश चंद्र भट्ट ने संगीतमय सुंदरकांड पाठ प्रस्तुत किया। मंडल अध्यक्ष किशोर भावसार सहित अन्य कलाकारों ने देशभक्ति एवं भक्ति गीत प्रस्तुत किए, जिससे श्रद्धालु भक्तिरस में झूम उठे। विभिन्न वाद्ययंत्रों से कलाकारों ने संगत दी। मंडल की ओर से खेमराज भाटिया को जन्मदिन के अवसर पर पगड़ी, माल्यार्पण एवं उपरना पहनाकर अभिनंदन किया गया। जुगल किशोर सोनी एवं नरेश भट्ट शिवलहरी ने हनुमान चालीसा का पाठ किया। अंत में यजमान परिवार द्वारा आरती कर प्रसाद वितरित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में धर्मप्रेमी उपस्थित रहे।

### दूदू में 10 अगस्त को आरयूआईडीपी संवाद कार्यक्रम

**जयपुर/दूदू@पदमावत मीडिया।** राजस्थान नगरीय आधारभूत विकास परियोजना के पांचवें चरण के तहत दूदू में प्रस्तावित विकास कार्यों को लेकर 10 अगस्त को दोपहर 3 बजे पंचायत समिति सभागार में आरयूआईडीपी संवाद कार्यक्रम आयोजित होगा। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, पूर्व पार्षदों, प्रबुद्धजनों, अधिकारियों एवं अन्य हितधारकों को प्रस्तावित कार्यों की जानकारी दी जाएगी तथा उनके सुझाव लिए जाएंगे। दूदू में करीब 2.78 करोड़ रुपये की लागत से ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, बाढ़ नियंत्रण, कमांड एंड कंट्रोल सेंटर, विरासत संरक्षण एवं पर्यटन विकास से जुड़े कार्य प्रस्तावित हैं। अधिकारियों के अनुसार इन कार्यों से शहर में आधारभूत सुविधाओं को बेहतर बनाने में मदद मिलेगी।

### नशा तस्करी के खिलाफ लेह पुलिस की कार्रवाई, 2 लाख की संपत्ति जब्त



**लेह@पदमावत मीडिया।** नशा तस्करी के खिलाफ अभियान के तहत पुलिस थाना लेह ने एनडीपीएस एक्ट की धारा 68एफ के तहत कार्रवाई करते हुए आदतन नशा आरोपी कुंदन साह की करीब 2 लाख रुपये मूल्य की संपत्ति जब्त की है। पुलिस के अनुसार आरोपी के खिलाफ पूर्व में भी नशीले पदार्थों से जुड़े मामले दर्ज हैं। थाना लेह में दर्ज एक मामले में उसके कब्जे से 960 ग्राम गांजा बरामद हुआ था, जबकि थाना खलत्सी में दर्ज मामले में सह आरोपी के कब्जे से 955 ग्राम गांजा बरामद किया गया था, जिसे आरोपी तक पहुंचाया जाना था। जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि आरोपी ने नशे के अवैध कारोबार से अर्जित राशि से कुछ चल संपत्तियां खरीदी थीं। इसके बाद एनडीपीएस एक्ट की धारा 68एफ के तहत कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आरोपी की दो मोटरसाइकिल और छह गोलगप्पा ठेलियां जब्त कीं। जिला पुलिस लेह ने कहा कि नशा तस्करी एवं इससे जुड़े नेटवर्क के खिलाफ कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। पुलिस ने आमजन से भी नशे के खिलाफ अभियान में सहयोग करने और संदिग्ध गतिविधियों की सूचना पुलिस को देने की अपील की है।

### शिल्प समर संवाद का शुभारंभ




**उदयपुर@पदमावत मीडिया।** पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र एवं क्रिएटिव सर्कल उदयपुर के संयुक्त तत्वावधान में हल्दीघाटी की 450वीं वर्षगांठ के अवसर पर रविवार को शिल्पग्राम में 'शिल्प समर संवाद' का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम में दीप प्रज्वलन केन्द्र निदेशक डॉ. अश्विन एम. दलवी, आर्किटेक्ट सुनील लड्ढा, मूर्तिकार हेमंत जोशी एवं उपनिदेशक पवन अमरावत ने किया। केन्द्र निदेशक डॉ. अश्विन एम. दलवी ने बताया कि हल्दीघाटी के ऐतिहासिक दृश्यों को शिल्पकला के माध्यम से जीवंत करने का प्रयास किया जा रहा है। इस अभियान से आमजन को भी जोड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि यह आयोजन उदयपुर को नई पहचान दिलाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

कार्यक्रम में हेमंत मेहता, दुर्गेश चांदवानी, कमलेश शर्मा, संदीप राठौर, राहुल माली, नीलोफर मुनीर, सुनील टांक, विनय दवे, प्रियंका कोठारी सहित कलाकार एवं विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े लोग उपस्थित रहे। संचालन रजत मेंघनानी ने किया।

# अजमेर में महिला सुरक्षा संकल्प अभियान के तहत 600 बालिकाओं ने लिया सुरक्षा का संकल्प

## आनासागर नई चौपाटी पर बालिकाओं और महिला पुलिसकर्मियों ने बनाई महिला सुरक्षा श्रृंखला, आत्मरक्षा का दिया संदेश

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com















**जयपुर।** महिला सुरक्षा को लेकर अजमेर में रविवार को व्यापक जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। महानिदेशक पुलिस राजीव कुमार शर्मा, अजमेर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक डॉ. रवि एवं जिला पुलिस अधीक्षक हर्ष वर्धन अग्रवाला के निर्देशन में आयोजित महिला सुरक्षा संकल्प अभियान के तहत आनासागर नई चौपाटी पर करीब 600 बालिकाओं एवं महिला पुलिसकर्मियों ने महिला सुरक्षा श्रृंखला बनाकर सुरक्षा के प्रति जागरूकता का संदेश दिया।

पुलिस मुख्यालय, जयपुर से पहुंचीं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कम्युनिटी पुलिसिंग सुनिता मीणा के मुख्य आतिथ्य में आयोजित कार्यक्रम में बालिकाओं, कालिका इकाई, आत्मरक्षा दल एवं पुलिसकर्मियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई। प्रतिभागियों ने हाथों में महिला सुरक्षा से जुड़े संदेश लिखी पट्टिकाएं लेकर आमजन को जागरूक किया तथा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा के प्रति समाज को अपनी जिम्मेदारी निभाने का संदेश दिया।

कार्यक्रम के दौरान गुब्बारों का आकाश में विमोचन कर महिला सुरक्षा के प्रति सामूहिक संकल्प दोहराया गया। बालिकाओं को पुलिस की विभिन्न सुविधाओं एवं महिला सुरक्षा से जुड़ी व्यवस्थाओं की जानकारी दी गई। उन्हें राजकॉप सिटीजन ऐप, पुलिस सहायता नंबरों तथा महिलाओं से संबंधित नवीन कानूनों के बारे में भी विस्तार से बताया गया।

**आत्मरक्षा दल ने दिया व्यावहारिक प्रशिक्षण**

कार्यक्रम में आत्मरक्षा दल द्वारा बालिकाओं को विपरीत परिस्थितियों में स्वयं की सुरक्षा करने के तरीके समझाने के लिए व्यावहारिक प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन के माध्यम से बालिकाओं को आपात स्थिति में सतर्क रहने, आत्मविश्वास बनाए रखने तथा उपलब्ध संसाधनों का उपयोग करते हुए अपनी सुरक्षा करने के संबंध में जानकारी दी गई।

**सतगुरू इंटरनेशनल स्कूल में भी हुआ जागरूकता सत्र**

महिला सुरक्षा संकल्प अभियान के तहत पृथ्वीराज नगर स्थित सतगुरू इंटरनेशनल स्कूल में भी बालिकाओं के लिए जागरूकता सत्र आयोजित किया गया। इसमें छात्राओं, विद्यालय स्टाफ एवं पुलिस अधिकारियों ने महिला सुरक्षा से जुड़े विभिन्न विषयों पर विचार-विमर्श किया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने महिला सुरक्षा संकल्प पत्र पर हस्ताक्षर कर महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सिकाऊ प्रियंका कुमावत, उप अधीक्षक गोमाराम, महिला थानाधिकारी कल्पना राठौड़, हरिभाऊ उपाध्याय नगर एवं कृष्णगंज थाना पुलिस का जाप्ता सहित अनेक पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। महिला सुरक्षा संकल्प अभियान के माध्यम से पुलिस ने बालिकाओं एवं महिलाओं को सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के साथ आमजन से भी महिला सुरक्षा को सामाजिक जिम्मेदारी के रूप में लेने का आह्वान किया। कार्यक्रम में बालिकाओं की सक्रिय सहभागिता ने महिला सुरक्षा के प्रति जागरूकता और आत्मविश्वास का सकारात्मक संदेश दिया।

# प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सराड़ी राष्ट्रीय स्तर पर प्रमाणित

## एनक्यूएएस में 92.47 प्रतिशत अंक हासिल, तीन वर्षों तक प्रतिवर्ष मिलेंगे तीन लाख रुपये



पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**सलूम्बर।** राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन कार्यक्रम (एनक्यूएएस) के तहत आयुष्मान आरोग्य मंदिर, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सराड़ी को भारत सरकार ने राष्ट्रीय स्तर पर प्रमाणित घोषित किया है। केंद्र ने राष्ट्रीय मानकों पर खरा उतरते हुए 92.47 प्रतिशत अंक हासिल किए हैं।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. महेंद्र कुमार परमार ने बताया कि 3 एवं 4 जुलाई 2026 को राष्ट्रीय टीम के सदस्य डॉ. फैजल अहमद एवं सूरज रामकृष्ण धरपवार ने पीएचसी सराड़ी का निरीक्षण किया। टीम ने ओपीडी, प्रयोगशाला, एनएचपी एवं सामान्य प्रशासन सहित चारों विभागों का निरीक्षण किया और केंद्र को निर्धारित राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप पाया।

अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. वी.डी. मीना ने बताया कि जिला गुणवत्ता टीम, ब्लॉक गुणवत्ता टीम एवं सराड़ी के चिकित्सा एवं स्वास्थ्यकर्मियों ने प्रमाणन के लिए आवश्यक तैयारियों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। बीसीएमओ डॉ. संपत मीना, जिला कार्यक्रम अधिकारी देवेंद्र पुरी गोस्वामी, कैलाश डामोर एवं ब्लॉक गुणवत्ता टीम के निरंतर सहयोग से यह उपलब्धि हासिल हुई।

बीसीएमओ डॉ. संपत मीना ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के स्वास्थ्य केंद्र का राष्ट्रीय स्तर पर प्रमाणित होना जिले के लिए गौरव की बात है। जिला कार्यक्रम अधिकारी देवेंद्र पुरी गोस्वामी ने बताया कि जिले के अन्य स्वास्थ्य केंद्रों को भी राष्ट्रीय गुणवत्ता मानकों के अनुरूप तैयार किया जा रहा है।

पीएचसी सराड़ी के चिकित्सा प्रभारी मेजर डॉ. राजेंद्र जाट ने उपलब्धि के लिए सीएमएचओ, अतिरिक्त सीएमएचओ, जिला कार्यक्रम अधिकारी, गुणवत्ता टीम एवं सराड़ी के समस्त स्टाफ का आभार व्यक्त किया। राष्ट्रीय स्तर पर प्रमाणित होने के बाद स्वास्थ्य केंद्र को तीन वर्षों तक प्रतिवर्ष तीन लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि मिलेगी। इस राशि का उपयोग प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए किया जाएगा।

# खेरोदा पुलिस की बड़ी कार्रवाई, घर में घुसकर चोरी करने वाले दो 'मास्टरमाइंड' गिरफ्तार

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com




**उदयपुर।** खेरोदा थाना पुलिस ने अमरपुरा खालसा गांव में घर में घुसकर सोने के आभूषण चोरी करने की सनसनीखेज वारदात का त्वरित खुलासा करते हुए दो मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने वारदात में प्रयुक्त कार बरामद कर ली है, जबकि चोरी करने वाला एक अन्य आरोपी ईश्वर अहीर अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया, जिसकी तलाश जारी है। जिला पुलिस अधीक्षक डॉ. अमृता दुहन के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजत बिश्नोई एवं वृत्ताधिकारी वल्लभनगर श्रवणदास संत के सुपरविजन में खेरोदा थानाधिकारी परमेश्वर पाटीदार के नेतृत्व में गठित टीम ने कार्रवाई को अंजाम दिया। पुलिस के अनुसार 6 अगस्त को अमरपुरा खालसा निवासी रमेशचन्द्र ने थाने में रिपोर्ट दी कि जब वह, उसकी मां और पत्नी घर से बाहर गए हुए थे, तभी उनका परिचित ईश्वर अहीर घर में घुस गया। आरोपी ने कमरों और अलमारी/अटैची के ताले तोड़कर सोने के कीमती आभूषण, जिनमें चेन, मंगलसूत्र, मांडलिया, हड्डा आदि शामिल थे, चोरी कर मोटरसाइकिल से फरार हो गया। मामले में प्रकरण संख्या 136/2026 दर्ज कर जांच शुरू की गई। जांच के दौरान पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि चोरी करने वाला ईश्वर अहीर, शातिर बदमाश ओमप्रकाश उर्फ ओम के लिए काम करता है। यह भी सामने आया कि आरोपियों ने वारदात के बाद उदयपुर के एक कार रेंटल कार्यालय से मोटरसाइकिल गिरवी रखकर 4500 रुपये में क्रेटा कार किराए पर ली और उज्जैन महाकाल दर्शन के बहाने फरार हो गए। पुलिस टीम ने तकनीकी सहायता से क्रेटा कार का पीछा करते हुए नीमच-निंबाहेड़ा के पास 'निकुंभ' स्थान से कार सहित आरोपी गौरव को दबोच लिया। गौरव की निशानदेही पर पुलिस ने देवड़िया गांव, मनासा के पास दबिश देकर वारदात के मुख्य मास्टरमाइंड ओमप्रकाश उर्फ ओम को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी ओमप्रकाश उर्फ ओम, उम्र 27 वर्ष, निवासी हथियाना, थाना कपासन, जिला चित्तौड़गढ़ है, जबकि दूसरा आरोपी गौरव, उम्र 30 वर्ष, निवासी जवाहर नगर, आकावेला, जिला चित्तौड़गढ़ है। पुलिस के अनुसार मुख्य आरोपी ओमप्रकाश थाना मंगलवाड़ का स्थाई वारंटी है। उसके खिलाफ गंभीर मारपीट का एक, चोरी-नकबजनी के आठ मामले दर्ज हैं। इसके अलावा वर्ष 2021 में शाहबाद, बारां थाना क्षेत्र में 1800 किलोग्राम डोडा चूरा तस्करी के मामले तथा थाना मंगलवाड़, चित्तौड़गढ़ में लूट के मामले में भी वह वांछित रहा है। फरार आरोपी ईश्वर अहीर भी वल्लभनगर थाने में एनडीपीएस एक्ट के मामले में वांछित है।

# प्रवासी राजस्थानियों के निवेश को धरातल पर उतारने में सरकार देगी हरसंभव सहयोग : मुख्यमंत्री

## राजस्थान फाउंडेशन के चैप्टर्स सक्रिय मंच के रूप में करें काम, प्रवासियों का प्रदेश से गहरा नाता सामाजिक सरोकारों को दें मजबूती

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com



**बेंगलुरु/जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रवासी राजस्थानी विभिन्न क्षेत्रों में प्रदेश की संस्कृति, परंपरा, उद्यमशीलता और सामाजिक मूल्यों के प्रतिनिधि हैं। वे अपनी मेहनत, ईमानदारी और समाजसेवा से नई पहचान बना रहे हैं। मुख्यमंत्री ने प्रवासी राजस्थानियों से अपने अनुभव, वैश्विक नेटवर्क और विशेषज्ञता के माध्यम से राजस्थान की विकास यात्रा को नई गति देने में सहभागी बनने का आह्वान किया।

मुख्यमंत्री रविवार को बेंगलुरु में राजस्थान फाउंडेशन के विभिन्न चैप्टर्स के अध्यक्षों के साथ चर्चा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राजस्थान संभावनाओं की भूमि है। प्रवासी राजस्थानी नवाचार, प्रौद्योगिकी, शिक्षा, कौशल विकास, स्वास्थ्य, पर्यटन, स्टार्टअप, कृषि, जल संरक्षण और सामाजिक विकास जैसे अनेक क्षेत्रों में योगदान देकर प्रदेश को आगे ले जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में प्रवासियों से जुड़े निवेश के सभी पहलुओं में हरसंभव सहयोग उपलब्ध कराएगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार सिंगल विंडो क्लियरेंस के माध्यम से निवेश प्रस्तावों पर प्राथमिकता के साथ आवश्यक कार्रवाई कर रही है। प्रदेश में निवेशकों के लिए भूमि, सड़क एवं रेल नेटवर्क, लॉजिस्टिक ढांचा, ऊर्जा और कुशल मानव संसाधन जैसी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध हैं।

उन्होंने बताया कि राज्य सरकार ग्रीन एनर्जी, इलेक्ट्रिक वाहन एवं बैटरी निर्माण, सेमीकंडक्टर, इलेक्ट्रॉनिक्स, टेक्सटाइल, डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग, माइनिंग एवं मिनरल आधारित उद्योग, फूड प्रोसेसिंग, आईटी तथा स्टार्टअप क्षेत्र में निवेश को प्रोत्साहित कर रही है। ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश में 35 से अधिक नीतियां लागू की गई हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट में करीब 35 लाख करोड़ रुपये के निवेश एमओयू हुए थे, जिनमें से अब तक लगभग 9 लाख करोड़ रुपये के प्रोजेक्ट्स की ग्राउंड ब्रेकिंग हो चुकी है।

**पर्यटन और विरासत संरक्षण पर जोर**

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में पर्यटन को गति देने के लिए नई राजस्थान पर्यटन नीति लागू की गई है। शेखावाटी क्षेत्र की भव्य हवेलियां और भित्ति चित्र राजस्थान की अमूल्य धरोहर हैं। इनके संरक्षण के लिए शेखावाटी हवेली संरक्षण योजना शुरू की गई है। इसके तहत सीकर, झुंझुनूं और चूरू की 662 ऐतिहासिक हवेलियों को चिन्हित किया गया है।

**'कर्मभूमि से मातृभूमि' अभियान में प्रवासियों की भागीदारी**

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में प्रवासी राजस्थानियों के सहयोग से 'कर्मभूमि से मातृभूमि' अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत करीब 45 हजार रिचार्ज एवं जल संरक्षण संरचनाओं का निर्माण किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्रवासियों के सहयोग से अब तक 20 हजार से अधिक भूजल रिचार्ज एवं जल संरक्षण संरचनाओं का निर्माण पूरा हो चुका है। मुख्यमंत्री ने प्रवासी राजस्थानियों से इस अभियान में और अधिक सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रवासी राजस्थानियों का प्रदेश से गहरा नाता है और वे राजस्थान की विकास यात्रा में महत्वपूर्ण सहभागी बन सकते हैं। उन्होंने राजस्थान फाउंडेशन के सभी चैप्टर्स से सक्रिय मंच के रूप में कार्य करने का आह्वान किया। इस अवसर पर वरिष्ठ अधिकारी, विभिन्न चैप्टर्स के अध्यक्ष एवं प्रवासी राजस्थानी उपस्थित रहे।

### सीबीआई ने डाकघर के कार्यालय सहायक को 25 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया

**उन्नाव@पदमावत मीडिया।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने उत्तर प्रदेश के उन्नाव जिले के बीघापुर डाकघर में पदस्थ कार्यालय सहायक कमल को रिश्वत के मामले में रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। सीबीआई ने यह कार्रवाई 8 अगस्त 2026 को की। आरोपी को लखनऊ की सक्षम अदालत के समक्ष पेश किया जाएगा। सीबीआई के अनुसार इस मामले में 7 अगस्त 2026 को शिकायत के आधार पर प्रकरण दर्ज किया गया था। शिकायतकर्ता ने प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी) योजना के तहत बेकरी शुरू करने के लिए उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक, भगवंत नगर से 10 लाख रुपये का ऋण लिया था। इस ऋण पर 3.49 लाख रुपये की सब्सिडी बैंक में जमा हुई थी। आरोप है कि बीघापुर डाकघर के कार्यालय सहायक कमल ने सब्सिडी के लिए ऋण से संबंधित इकाई के सत्यापन के बदले शिकायतकर्ता से 35 हजार रुपये की रिश्वत की मांग की थी। शिकायत मिलने के बाद सीबीआई ने मामले का सत्यापन कर कार्रवाई की योजना बनाई।

स्वत्वाधिकारी, संस्थापक, प्रकाशक एवं प्रधान सम्पादक : पवन मॉगीलाल जैन उर्फ पवन जैन पदमावत, प्रधान कार्यालय : गणेश नगर, कांदिवली वेस्ट, मुम्बई, महाराष्ट्र, भारत-400067 से अमुद्रित ऑनलाईन प्रकाशित। मो. नं. : +91-9594542679
e-mail :- padmavatmedia@gmail.com / Web : padmavatmedia.in ( नोट : पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी)। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुम्बई, महाराष्ट्र होगा। उक्त ई-पेपर को अवैध रूप से छपवाना कानूनी अपराध हैं।